संख्या. क-12025/14/2019-स्था.II
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय,
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली - 110 001
दिनांक : 30 जुन, 2020

सेवा में,

1. सभी राज्य / सरकार / केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव
2. सभी भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के सचिव
3. मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या अर्ध सरकारी या स्वायत्त या वैधानिक संगठन

**विषय : संयुक्त विधि(प्रतिनियुक्ति/प्रोन्नति) द्वारा जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के तहत केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधानशाला, पुणे में सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद पर भर्ती।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के तहत केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला, पुणे में सहायक निदेशक(राजभाषा) का एक पद वेतन स्तर 10 के वेतन मॅर्टीक्स (रु.56100-177500) (रू.15,600-39,100 के वेतन + रू.5,400 ग्रेड वेतन पूर्व संशोधित) के वेतनमान में केंन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी द्वारा संयुक्त विधि (प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति) के द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है :-

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारण कर रहे हैं; या

(ii) जो मूल काडर या विभाग में (वेतन बैंड-2 -रू.9300-34800 और ग्रेड वेतन रू.4800/-पूर्व-संशोधित)वेतन स्तर-8(रू.47600-151100- संशोधित) में इसमें नियुक्ति के पश्चात श्रेणी में दो वर्ष नियमित सेवा कर चुके हों; या

(iii) जो मूल काडर या विभाग में (वेतन बैंड-2 रू.9300-34800 रू. और ग्रेड वेतन रू. 4600/- पूर्वसंशोधित) वेतन स्तर-7 (रू.44900-142400- संशोधित) मेंइसमें नियुक्ति के पश्चात तीन वर्ष नियमित सेवा कर चुके हों; या

(iv) जो मूल काडर या विभाग में (वेतन बैंड-2 रू.9300-34800 रू. और ग्रेड वेतन रू. 4200/- पूर्वसंशोधित) वेतन स्तर-6 (रू.35400-112400- संशोधित) वेतनमें इसमे नियुक्ति के पश्चात आठ वर्ष नियमित सेवा कर चुके हों।

**और**

(ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखता हो ;

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में मास्टर डिग्री और साथ ही बेचलर डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एकविषय के रूप में हो

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री और साथ ही बेचलर डिग्री स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से मास्टर डिग्री और साथ ही बेचलर डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री और साथ ही बेचलर डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो;

553/c

II. हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली कार्य और/या अंग्रेजी से हिन्दी या अधिमानतः, केन्द्रीय सरकार के संगठन में तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य संबंधी कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव

या

केन्द्रीय सरकार के संगठन में हिन्दी में अध्यापन, अनुसंधान, लेखन पर पत्रकारिता का पांच वर्ष का अनुभव

2. (वेतन बैंड-2रू.9300-34800 रू. और ग्रेड वेतन रू.4600/-पूर्व संशोधित)वेतन स्तर-7 (रू.44900-142400- संशोधित)के वेतनमान में विभागीय वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक जिन्होंने श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है, पर भी बाह्य व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि पद पर उसका चयन हो जाता है तो उसे प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।

**टिप्पण 1** : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे, इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 5.1.1994 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/29/91-स्था(वेतन II) में निर्धारित प्रावधानों के अधीन चुने गए अधिकारी को वेतन स्तर के साथ प्रतिनियुक्ति (शुल्क) भत्ता या उसके वेतन को प्रतिनियुक्ति पद के वेतनमान के अनुसार निर्धारित करने का विकल्प होगा।

4. यह अनुरोध किया जाता है कि इस पद का प्रसार संचलन किया जाए और योग्य और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन (तीन प्रतियों में) संलग्न प्रोफार्मा (संलग्नक "क") में संबंधित अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अपेक्षित प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के साथ प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा विधिवत प्रति हस्ताक्षरित करके रोजगार समाचार में प्रकाशन होने के दिनांक से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (ई-II), जल शक्ति मंत्रालय,जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, कमरा नं 424, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 को भेज सकते हैं। आवेदनों को भेजते समय प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जाना चाहिए कि (i) अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है (ii) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र/कोई दंड नही/ अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनिक मामला लंबित नहीं है (iii) चयन अगर हुआ तो, अधिकारी को नये कार्यभार संभालने के लिए उसके कार्यसे मुक्त कर दिया जाएगा और (iv) आवेदन के साथ वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट डोजियर की फोटो प्रतियों को भेजा जाए। निर्धारित तिथि के बाद या वांछित प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के बिना या उचित चैनल के माध्यम से नहीं प्राप्त किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

(शांतनु रक्षित)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्न : यथा उपरोक्त

इसी तरह की कार्रवाई के लिए प्रतिलिपि प्रेषित:

1. जल संसाधन मंत्रालय के सभी संघटनों
2. राष्ट्रीय सूचना केंद्र को इस मंत्रालय के कार्यालयीन वेबसाईट पर रिक्ति परिपत्र को अपलोड करने हेतु।

Signature Not Verified

Digitally signed by SANTANU RAKSHIT
Date: 2020.06.30 17:06:07 IST

# जीवन वृत्त प्रपत्र

1. नाम एवं पत्ता
( स्पष्ट अक्षरों में ) :

2. जन्म तिथि
( ईस्वी सन में ) :

3. केन्द्र / राज्य सरकार के नियमानुसार
सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षणिक योग्यताएँ :

5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और :
अन्य योग्यताएं पूर्ण हैं (यदि कोई
योग्यता नियमों के अधीन योग्यता के
समतुल्य मानी गई हो तो उसके प्राधिकारी
का नाम बताएं )

| | अपेक्षित योग्यताएं / अनुभव | अधिकारी द्वारा प्राप्त अनुभव/ योग्यता |
|---|---|---|
| अनिवार्य : | ( 1 ) | |
| वांछनीय : | ( 1 ) | |

6. कृपया बताएं कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों
को ध्यान में रखते हुए क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित
योग्यताएं रखते हैं

7. कालक्रमानुसार नियुक्तियों का ब्यौरा, यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो

5526

कृपया विधिवत हस्ताक्षर से प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें

| कार्यालय / संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य का स्वरूप (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप तदर्थ, अथवा अस्थायी अथवा स्थायीवत अथवा स्थायी,

9. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति / अनुबंध आधार पर धारण किए हों तो कृपया बताएं :
   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि :
   (ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि :
   (ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं,

10. वर्तमान नियुक्ति से संबंधित अतिरिक्त विवरण, कृपया बताएं कि आप निम्नलिखित में से किस में कार्यरत हैं

    (क) केंद्र सरकार
    (ख) राज्य सरकार
    (ग) स्वायत्त संगठन
    (घ) सरकारी उपक्रम
    (ड) विश्वविद्यालय
    (च) अन्य

11. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं तथा फीडर ग्रेड अथवा फीडर से फीडर ग्रेड में है

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि

हां तो तारीख बताएं कि कब से संशोधन हुआ और संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें ।

13. प्रतिमाह ली जाने वाली कुल परिलब्धियां

14. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें,
(इनमें से कुछ अन्य विषयों पर सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है (1) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता
(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं
(iii) रिक्ति परिपत्र /विज्ञापन
में निर्धारित के अलावा कार्य अनुभव (टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो पृथक शीट संलग्न करें)

15. कृपया बताएं कि आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आमेलन/पुर्नियुक्ति आधार पर आवेदन कर रहे हैं (केवल केंद्र/राज्य सरकारों में कार्यरत अधिकारी ही "आमेलन" के लिए पात्र होंगे, गैर सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल लघु अवधि अनुबंध के पात्र हैं

16. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसुचित जनजाति से संबंधित हैं,

17. टिप्पणियाँ: ( उम्मीदवारों को निम्नलिखित से संबंधित सूचना देनी होगी कि क्या उनकी कोई
(i) अनुसंधान पत्र, रिपोर्ट अथवा विशेष परियोजना प्रकाशित हुई है,
(ii) पुरस्कार/अध्येतावृति/अधिकारिक प्रशंसा
(iii) व्यावसायिक इकाई/संस्थानों/संस्थाओं से मान्यता तथा
(iv) अन्य कोई सूचना,
(टिप्पणी : यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक शीट अलग से संलग्न की जा सकती है,)

551/C

मैंने उपर्युक्त पद के लिए दिए गए रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक देख लिया है और मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गएप्रलेखों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जीवनवृत्त का मूल्यांकन पद के चयन के समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा ।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पत्ता :------------------

----------------------

----------------------

दिनांक -------------------

प्रतिहस्ताक्षरित

-------------------

-------------------

(नियोजक मुहर सहित)